प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

04.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस बार नवम्बर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कांगड़ा जिला के रैत में पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि दिसम्बर महीने में पर्यटन सीजन को देखते हुए धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों और पर्यटन कारोबारियों की सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र में इस बार 8 बैठकें होंगी।

निजी बस

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक यूनियन ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर दी है। कल देर शाम परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद यूनियन ने हड़ताल वापिस लेने का फैसला लिया। आज सुबह से शहर में निजी बसों का संचालन सामान्य रूप से हो रहा है। पिछले कल शहर में निजी बसों की हड़ताल से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा था।

पंडोह डैम

मंडी जिले में स्थित बी.बी.एम.बी. के पंडोह जलाशय का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बांध से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. प्रशासन ने ब्यास नदी के किनारे रहने वाले मंडी, कांगड़ा व हमीरपुर जिले के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

रेणुका मेला

मां–पुत्र के मिलन के प्रतीक का अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला इन दिनों हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सिरमौर जिले के इस अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले में हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों उतराखण्ड, हरियाणा व पंजाब से लोग यहां भगवान परशुराम और माता रेणुका के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान यहां कई प्राचीन परंपराएं आज भी निभाई जा रही हैं। इसी कड़ी में भगवान परशुराम जी को अनाज चढ़ाने की परंपरा को आज भी लोग कायम रखे हुए हैं। मेले के दौरान लोग भगवान परशुराम जी को अनाज चढ़ाने के बाद अगली बार फसल के अच्छे उत्पादन की कामना करते

हैं। गौरतलब है कि हिमाचल के अलावा उतराखंड के लोग माता रेणुका जी झील में डुबकी लगाने के बाद देवताओं को अनाज अर्पित करना बेहद जरूरी समझते हैं।

मांडविया– हॉकी 100 साल

केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सात नवबंर को हॉकी के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में देश भर के पांच सौ 50 से अधिक ज़िलों में एक हजार चार सौ से ज़्यादा हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किए जाएँगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में डॉ. मांडविया ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य खेल के बारे में जागरूकता बढ़ाना, युवा खिलाड़ियों को हॉकी खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

क्रिकेट–राशि

बी.सी.सी.आई. ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और चयन समिति को इतिहास में पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में 51 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। इधर महिला क्रिकेट टीम की सदस्य और हिमाचल के शिमला जिले के रोहडू की बेटी रेणुका ठाकुर को राज्य सरकार ने एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये ऐलान किया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलों में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।